भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1415

10 फरवरी, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

ओडिशा में आयुष औषधालय

1415. श्रीमती शर्मिष्ठा सेठी:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ओडिशा में आयुष औषधालयों की संख्या कितनी है और इनका जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इनके लिए अब तक कितनी धनराशि जारी की गई है;

(ग) क्या उक्त औषधालयों में आवश्यक संख्या में डॉक्टर और पर्याप्त बुनियादी ढांचा उपलब्ध है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और उक्त समस्याओं के समाधान के लिए केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को प्रदान की गई सहायता का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): ओडिशा में आयुष औषधालयों की जिले-वार संख्या और ब्यौरा **संलग्नक** पर दिया गया है।

(ख): राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत सरकारी आयुष औषधालयों के उन्नयन और आयुष औषधालयों को आवश्यक औषधियों की आपूर्ति के लिए वित्तीय सहायता के प्रावधान हैं। एनएएम के तहत, राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से ओडिशा राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के अनुसार, मंत्रालय ने प्रस्तावित आयुष औषधालयों के उन्नयन एवं आयुष औषधालयों को आवश्यक औषधियों की आपूर्ति हेतु 2284.982 लाख रूपये की मंजूरी दी है।

(ग) से (ङ): चूंकि सार्वजनिक स्वास्थ्य राज्य का विषय है, चिकित्सकों की आवश्यक संख्या और पर्याप्त बुनियादी ढांचे की उपलब्धता की स्थिति संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार के पास है। हालांकि, एनएएम की गतिविधि आयुष औषधालय के उन्नयन के तहत, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। मंत्रालय ने ओडिशा राज्य सरकार को उनके द्वारा एसएएपी के माध्यम से प्रस्तुत प्रस्तावों के अनुसार 56 आयुष औषधालयों के उन्नयन के लिए एकमुश्त सहायता के रूप में 912.00 लाख रुपये की मंजूरी दी है।

*****

संलग्नक

01.04.2021 को ओडिशा में आयुष औषधालयों का जिले-वार वितरण

क्र.सं.	जिले का नाम	आयुर्वेद	यूनानी	सिद्ध	योग	प्राकृतिक चिकित्सा	होम्योपैथी	सोवा-रिग्पा	कुल
1	अंगुल	16	-	-	-	-	19	-	**35**
2	बालासोर	23	2	-	-	-	32	-	**57**
3	बरगढ़	22	-	-	-	-	17	-	**39**
4	भद्रक	21	2	-	-	-	25	-	**48**
5	बलांगीर	33	-	-	-	-	18	-	**51**
6	बौद्ध	10	-	-	-	-	4	-	**14**
7	कटक	21	2	-	-	-	29	-	**52**
8	देवगढ़	8	-	-	-	-	2	-	**10**
9	ढेंकनाल	22	-	-	-	-	19	-	**41**
10	गजपति	7	-	-	-	-	6	-	**13**
11	गंजाम	48	-	-	-	-	43	-	**91**
12	जगतसिंहपुर	11	-	-	-	-	17	-	**28**
13	जाजपुर	25	-	-	-	-	21	-	**46**
14	झारसुगुडा	9	-	-	-	-	8	-	**17**
15	कालाहांडी	20	-	-	-	-	18	-	**38**
16	कंधमाल	16	1	-	-	-	19	-	**36**
17	केंद्रपाड़ा	15	1	-	-	-	19	-	**35**
18	क्योंझर	49	-	-	-	-	34	-	**83**
19	खोरधा	22	-	-	-	-	26	-	**48**
20	कोरापुट	18	-	-	-	-	18	-	**36**
21	मल्कानगिरी	7	-	-	-	-	8	-	**15**
22	मयूरभंज	45	-	-	-	-	44	-	**89**
23	नबरंगपुर	10	-	-	-	-	5	-	**15**
24	नयागढ़	22	-	-	-	-	16	-	**38**
25	नुआपाड़ा	15	-	-	-	-	20	-	**35**
26	पुरी	23	1	-	-	-	16	-	**40**
27	रायगडा	20	-	-	-	-	14	-	**34**
28	संबलपुर	15	-	-	-	-	15	-	**30**
29	सोनेपुर	14	-	-	-	-	5	-	**19**
30	सुंदरगढ़	33	-	-	-	-	25	-	**58**
कुल		**620**	**9**	**0**	**0**	**0**	**562**	**0**	**1191**